**विधान परिषद् के द्वितीय सत्र 2024 के प्रथम मंगलवार के लिए निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या–28 का उत्तर।**

| **प्रश्न** | **उत्तर** |
| --- | --- |
| 28(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि बादशाहनगर राजकीय कालोनी जनपद–लखनऊ के ब्लाक–एल के निवासियों द्वारा आवास के मरम्मत हेतु दिनॉक 25 अप्रैल, 2024 से 21 मई, 2024 तक राज्य सम्पत्ति अधिकारी उत्तर प्रदेश शासन को सम्बोधित कितने कार्मिकों के प्रार्थना–पत्र प्राप्त हुए है? | बादशाहनगर राजकीय कालोनी, जनपद लखनऊ के ब्लाक एल के अध्यासियों से उनके आवास में विभिन्न सिविल अनुरक्षण कार्यों हेतु दिनॉक 25 अप्रैल, 2024 से 21 मई, 2024 तक की अवधि में राज्य सम्पत्ति अधिकारी उत्तर प्रदेश शासन को सम्बोधित कुल 05 पत्र प्राप्त हुए हैं। |
| (ख) उपरोक्त प्रार्थना–पत्रों के कम में अब तक क्या कार्यवाही हुई है? | अध्यासियों से प्राप्त पत्रों को राज्य सम्पत्ति अनुभाग–4 के पत्र दिनांक 22 मई, 2024 व 28 मई, 2024 द्वारा उनके आवासों का स्थलीय निरीक्षणोंपरान्त नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही के निर्देश अधिशासी अभियन्ता, सिविल अनुरक्षण खण्ड–1, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ को दिए गए। उक्त निर्देश के कम में सम्बन्धित अनुरक्षण खण्ड द्वारा अध्यासियों के आवासों में अनुरक्षण कार्यों के लिए आगणन गठित कर अपने पत्र दिनांक 24 जुलाई, 2024 द्वारा शासन को प्रस्तुत किए गए हैं, जो परीक्षणाधीन हैं। |
| (ग) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | उपर्युक्तानुसार। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

**(योगी आदित्य नाथ)**
**मुख्य मंत्री।**